Total number of printed pages – 7 NB-T/H/1

# 2021

# HINDI

Total Marks : 80 Time : 3 Hours

**General Instructions :**

*(i)* *Approximately 15 minutes is allotted to read the question paper and revise the answers.*

*(ii)* *The question paper consists of 16 main questions. All questions are compulsory.*

*(iii)* *Internal choice has been provided in some questions.*

*(iv)* *Marks allocated to every question are indicated against it.*

**N.B. :** ***Check that all pages of the question paper is complete as indicated on the top left side.***

## SECTION – A (अपठित बोध)

Dimapurlibrary.com

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

मनुष्य जीवन शुरु होता है माँ के गोद से, जहाँ से वह पहुँचता है झूले में और झूले से स्कुल में । वह माँ-बाप की देख रेख में पढ़ता लिखता है । जैसे-जैसे वह बड़ा होता जाता है, वह सोचता है कि मैं आगे जाकर क्या बनूँगा । यही सोच उसके जीवन का लक्ष्य है ।

यह जरूरी नहीं कि हम जो सोचे वही बन जायेंगे । किन्तु यदि हम बचपन में अपने व्यवसाय का चयन नहीं करेंगे तो हमारा जीवन बिना पतवार के नाव की तरह मजधार में ही भटकटी रहेगी ।

अतः जीवन के लक्ष्य का निर्धारण बचपन में ही होना चाहिए । पढ़ाई-लिखाई के साथ खेल-कूद, अन्य कार्यक्रम आदि में भी भाग लेना चाहिए । जिससे वह हर क्षेत्र में जानकारी प्राप्त कर सकें । इसकी सहायता से वह अपने जीवन का लक्ष्य निर्णय कर पाते हैं ।

(a) मनुष्य जीवन कहाँ से शुरु होता है ? 1

(b) जीवन के लक्ष्य का निर्धारण कब होना चाहिए ? 1

(c) वह बड़ा होकर क्या सोचता है ? 1

(d) वह किसके देख-रेख में पढ़ता लिखता है ? 1

(e) क्या यह जरूरी है कि जो हम सोचे वहीं बन जाएँ ? 1

(f) पढ़ाई-लिखाई के साथ अन्य किन चीजों में भाग लेना चाहिए ? 1

(g) अपने व्यवसाय का चयन कब करना चाहिए ? 1

(h) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

(i) 'जीवन' शब्द का विलोम शब्द लिखिए । 1

(j) 'मनुष्य' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

## SECTION – B (लेखन)

2. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर *100–150* शब्दों में लिखिए : 6

(a) आप रहीम हैं । आपका मुहल्ला पानी के कमी की समस्या से परेशान है । आप किसी समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर इस समस्या के बारे में अपने विचार व्यक्त करके प्राधिकारियों का ध्यान इसकी ओर दिलायें ।

Dimapurlibrary.com

*अथवा*

(b) किसी समाचार पत्र के लिए एक विवरण लिखिए । जिसमें बताइए कि आप एक यातायात अवरोध (Traffic jam) में अन्य लोगों के साथ, कई घन्टे फँसे ।

3. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर *50* शब्दों में लिखिए : 4

(a) अपने बड़े भाई के विवाह में अपने मित्र आमंत्रण देते हुए एक निमंत्रण पत्र लिखिए ।

*अथवा*

(b) अपने देश में कोविद्-19 के बढ़ते खतरे के विषय में दो मित्रों के बीच चर्चा का एक संवाद लिखिए।

## SECTION – C (व्याकरण)

4. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

(a) 'पवन' शब्द का सन्धि-विच्छेद है : 1

(i) प + वन (ii) पव + न

(iii) पो + अन (iv) प + अन

(b) 'राजपुत्र' शब्द में कौन सा समास है ? 1

(i) द्वन्द समास (ii) तत्पुरुष समास

(iii) द्विगु समास (iv) वहुब्रीहि समास

(c) 'मन ही मन' में कौन सी पुनरुक्ति है ? 1

(i) अपूर्ण (ii) पूर्ण

(iii) अनुकरण (iv) इनमें से कोई नहीं

(d) 'बच्चे खेल रहे हैं' किस वाच्य का उदाहरण है ? 1

(i) कर्तृवाच्य (ii) कर्मवाच्य

(iii) भाव वाच्य (iv) इनमें से कोई नहीं

Dimapurlibrary.com

(e) 'को' किस कारक का चिह्न है ? 1

(i) कर्ता कारक (ii) कर्म कारक

(iii) करण कारक (iv) सम्प्रदान कारक

5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दा पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1+1=2

(a) आसमान (b) आग

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : $4\times\frac{1}{2}=2$

(a) ताजा (b) प्रकाश (c) गुरू (d) उपस्थित

7. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए : $4\times\frac{1}{2}=2$

(a) युवा (b) विधवा (c) पुरूष (d) मृग

8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1+1=2

(a) पेट काटना (b) नाक रखना

9. 'न, नहीं मत' के उचित प्रयोग से वाक्यों के खाली स्थान की पूर्ति कीजिए : 1+1=2

(a) आप मेरे लिए कष्ट ________ करें ।

(b) तुम रात में अधिक देर तक ________ जागो ।

10. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(a) I live near the police station. 1

(b) What is your aim in life ? 1

(c) There is someone at the door. 1

(d) Happy birthday ! 1

(e) Walking is good for you. 1

Dimapurlibrary.com

## SECTION – D (साहित्य)

11. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

(a) सोमा बुआ के देवर को मरे ________ वर्ष हो गए थे । 1

(i) बीस बर्ष (ii) पचीस बर्ष

(iii) तीस बर्ष (iv) चालिस बर्ष

(b) 'बुढ़िया का बदला' कहाना के लेखक कौन है ? 1

(i) हरिशंकर परसाई (ii) उषा प्रियंवदा

(iii) मन्नु भंडारी (iv) श्री के. पी. लोथा

(c) भाषण देने का किसका पहला मौका था ? 1

(i) विद्यार्थी (ii) लेखक

(iii) अतिथि (iv) संचालक

(d) बिहारी किस काल के कवि हैं ? 1

(i) भक्तिकाल (ii) रीतिकाल

(iii) प्राचीन काल (iv) आधुनिक काल

(e) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म _______ में हुआ था। 1

(i) बंगाल (ii) आसाम

(iii) उड़ीसा (iv) बिहार

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *40 – 50* शब्दों में लिखिए :

(a) नगर भर में मुरलीवाले के आने का समाचार क्यों फैल गया ? 2

(b) गणेशी कौन था ? वह किसका बिस्तर बाँध रहा था ? 2

(c) किस ललक ने सोमा बुआ को अपने मृत पुत्र की एकमात्र निशानी बेचने पर विवश कर दिया ? 2

Dimapurlibrary.com

(d) एक दिन गाँववालों ने अपनी सभा में क्या निश्चय किया ? 2

(e) कृष्ण और सुदामा की मैत्री के दृष्टान्त से रहीम ने क्या शिक्षा दी है ? 2

(f) 'तेरा देवता वहीं चला गया है ।' पंक्ति के माध्यम से कवि का क्या अभिप्राय है ? 2

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *40–50* शब्दों में लिखिए :

(a) गजाधर बाबू को क्यों लगा कि वे जिन्दगी के द्वारा ठंगे गए हैं ? 4

*अथवा*

मिठाईवाले ने अपनी मिठाइयों की क्या-क्या विशेषताएँ बतायी ?

(b) रहीम ने दीपक और कपूत को एक समान क्यों कहा है ? 4

14. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

देखकर बाधा विविध, बहु बिघ्न घबराते नहीं ।
रह भरोसे भाग के दुख भोग पछताते नहीं ।।
काम कितना भी कठिन हो किन्तु उकताते नहीं ।
भीड़ में चंचल बने जो बीर दिखलाते नहीं ।।

(i) बीर भीड़ में क्या नहीं दिखलाते हैं ? 1

(ii) कौन विघ्न बाधाओं को देखकर नहीं घबराते हैं ? 1

(iii) भाग (भाग्य) के भरोसे रहने से क्या होता है ? 1

(iv) कौन कठिन काम से उकताते नहीं हैं ? 1

(v) 'काम' शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

15. (a) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक साहित्यिक सभा में एक तरूण विद्यार्थी भाषण देने के लिए खड़ा हुआ, पर उसका भाषण जमा नहीं-वह घबरा गया । श्रोताओं तालियाँ पीटीं, दस-पाँच वाक्य कहने के बाद ही उसे बैठ जाना पड़ा। मंच पर उसकी कुर्सी हमारी कुर्सी के पास ही थी क्योंकि हमें भी उस सभा में बोलने का निमंत्रण था । अपना पसीना पोछते हुए उसने मुझसे धीरे से कहा –''यह मेरा भाषण देने का पहला ही मौका था ।''

(i) साहित्यिक सभा में कौन भाषण देने खड़ा हुआ ? 1

(ii) श्रोताओं ने तालियाँ क्यों पीटीं ? 1

(iii) उसे कितने वाक्य कहकर बैठ जाना पड़ा ? 1

(iv) मंच पर किसकी कुर्सी लेखक की कुर्सी के पास थी ? 1

(v) उसने पसीना पोछते हुए लेखक से क्या कहा ?. 1

*अथवा*

Dimapurlibrary.com

(b) आसाओ आरमा का घनिष्ठ मित्र था। वह उस कुकर्म में सम्मिलित नहीं हुआ। पहले से ही वह नदी के निचले भाग में एकांत में बैठ कर अपना दाव तेज कर रहा था। उस समय एक नाखून पानी में बहता हुआ उसके पास आया। वह तुरंत समझ गया कि वह नाखून आरमा का है। क्यों न समझता, आखिर वह आरमा का जिगरी दोस्त जो था। दुःखी मन से उसने नाखून को उठाकर अपने पास रख लिया।

(i) आसाओ किसका जिगरी दोस्त था ? 1

(ii) वह किसमें सम्मिलित नहीं हुआ था ? 1

(iii) पानी में बहता हुआ क्या उसके पास आया ? 1

(iv) वह तुरंत क्या समझ गया ? 1

(v) वह एकांत में बैठ कर क्या कर रहा था ? 1

16. निम्नलिखित पद्य खण्ड की संदर्भ सहित सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 1+1+3=5

(a) बसै बुराई जासु तन, ताही को सनमान।
भलो-भलो कहि छोड़ियै, खोटे गफह जप दान ॥

*अथवा*

(b) दाने आये घर के अन्दर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से उपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलायी पाँखें कई दिनों के बाद ॥

Dimapurlibrary.com